चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0 / प्रयो0 / 929

दिनांक : 1/10/22

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा **परम्परागत एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों (बी0एड0 / एम0एड0 / बी0पीएड0 / एम0पी0एड0 / मेडिकल एवं पैरामेडिकल को छोड़कर)** के समस्त छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि जिन छात्र / छात्राओं की वार्षिक प्रणाली तथा सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत वार्षिक एवं सम–विषम सेमेस्टर की लिखित परीक्षा सम्पन्न हो चुकी है किन्तु उनकी प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा किन्हीं कारणोंवश छूट गयी है एवं उनकी उपाधि पूर्ण नहीं हो पायी है ऐसे छात्र / छात्राओं को निम्नलिखित सारणी में अंकित शुल्क जमा कर छात्र / छात्राओं को उक्त प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा में सम्मिलित किये जाने की स्वीकृत प्रदान की जाती है:–

क्र0स0	विवरण	शुल्क
1.	ऐसे छात्र / छात्रा जो कालबाधित की श्रेणी में नहीं आते है	रू0 1,500 / – प्रति कोड
2.	एक वर्ष कालबधित श्रेणी में आने वाले छात्र / छात्रा	रू0 1,500 / – प्रति कोड + रू 5,000 / – कालबाधित शुल्क
3.	दो वर्ष कालबधित श्रेणी में आने वाले छात्र / छात्रा	रू0 1,500 / – प्रति कोड + रू 10,000 / – कालबाधित शुल्क

उक्त श्रेणी में आने वाले समस्त विद्यार्थी जो छूटी हुयी प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं, वे **विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाईट www.ccsuniversity.ac.in पर Student Section में जाकर "छूटे हुए practical/viva की फीस" लिंक पर क्लिक कर अपनी ऑनलाईन फीस जमा कराकर** उसका प्रिन्ट आउट निकाल कर सम्बन्धित महाविद्यालय से अपना आवेदन–पत्र अग्रसारित कराकर अंकतालिका, फीस का प्रिन्ट आउट एवं प्रवेश–पत्र की छायाप्रति सहित गोपनीय विभाग की खिड़की नं0–40 पर अपना **आवेदन–पत्र दिनांक 20.10.2022 तक अनिवार्य रूप से अवश्य जमा कर दें।** उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

छूटी हुयी प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों की सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.ccsuniversity.ac.in पर यथासमय अलग से अपलोड की जायेगी।

01/10/2022

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि:–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
3. प्रभारी, वेबसाईट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
4. प्राचार्य / प्राचार्या को इस आशय से प्रेषित कि कालेज के सूचना पट पर चस्पा कर अपने महाविद्यालयों / संस्थानों के विद्यार्थियों को सूचित करने का कष्ट करें।

01.10.2022

सहा0कुलसचिव (गोपनीय)